तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशयल्स जज **न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश, कम0 3 अजमेर** **दीवानी अपील सख्या 18/2018** **सीआईएस संख्या 1153/2014** **श्रीमती गीता व अन्य बनाम सुशील व अन्य**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.05.2026	अधिवक्ता पक्षकारान उपस्थित। बहस प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 27 सपठित धारा 151 सीपीसी पर उभय पक्षों को सुना गया। दौराने बहस वकुलाय ने प्रार्थना पत्र व जवाब प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों की पुनरावृत्ति करते हुये बहस की। प्रकरण में दस्तावेजात रिकॉर्ड पर लेने बाबत प्रार्थना पत्र अपीलार्थी द्वारा पेश किया गया है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा **राजस्थान राज्य बनाम टी. सहानी 2001 (10) एस.सी.सी. 619** में यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है कि आदेश 41 नियम 27 के प्रार्थना पत्र का निस्तारण मूल अपील के निस्तारण के साथ ही किया जाना चाहिए। हस्तगत प्रकरण में भी मूल अपील पर सुनवाई शेष है। अतः उक्त न्यायिक दृष्टांत में प्रतिपादित विधि के प्रकाश में उक्त प्रार्थना पत्र पर यह आदेश दिया जाना न्यायोचित है कि उक्त प्रार्थना पत्र का निस्तारण बरवक्त अपील निस्तारण किया जावेगा। पत्रावली बहस अपील हेतु नियत की जाती है, जिस हेतु समय चाहा। आईन्दा आवश्यक रूप से बहस करे। पत्रावली वास्ते बहस अपील हेतु दिनांक 12.05.26 को पेश हो। **(नीरज गुप्ता)** **अपर जिला न्यायाधीश,** **कम–3, अजमेर**	

Authenticated document